रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 08/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

* Note
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** निम्नलिखित में से बेकिंग सोडा का सामान्य उपयोग क्या है?

Ans
- ✗ A. ऐल्कोहॉल के साथ अभिक्रिया करके साबुन बनाना
- ✗ B. जीवाणु अपघटन को रोकना
- ✓ C. अतिरिक्त आमाशयी अम्ल को उदासीन करना
- ✗ D. मृदा संस्तर में अम्लता को बढ़ाना

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम पाचन प्रक्रिया के दौरान आमाशय में स्रावित होता है?

Ans
- ✓ A. पेप्सिन (Pepsin)
- ✗ B. ट्रिप्सिन (Trypsin)
- ✗ C. एमिलेज (Amylase)
- ✗ D. म्यूकस (Mucus)

**Q.3** एक विद्यार्थी दूर रखी वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देख सकता, लेकिन आराम से किताब पढ़ सकता है। आँख में .................दोष है।

Ans
- ✗ A. जरा दूरदर्शिता (presbyopia)
- ✗ B. दूरदृष्टिता (hypermetropia)
- ✗ C. दृष्टिवैषम्य (astigmatism)
- ✓ D. निकटदृष्टिता (myopia)

**Q.4** आजकल, सड़कों को पक्का करने के लिए डामर के स्थान पर निम्नलिखित में से किस पेट्रोलियम उत्पाद का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. नैफ्थलीन (Naphthalene)
- ✗ B. कोक (Coke)
- ✗ C. पैराफिन मोम (Paraffin wax)
- ✓ D. बिटुमेन (Bitumen)

**Q.5** किसी गर्म वस्तु को हाथ से स्पर्श करने पर मनुष्य अपना हाथ तुरंत हटा लेता है, क्योंकि __________।

Ans
- ✗ A. प्रत्येक जीवित जीव ऐसा कर सकता है
- ✗ B. मनुष्य जीव जगत का सर्वोच्च प्राणी है
- ✓ C. मनुष्य स्पर्श के उद्दीपन के प्रति संवेदनशील होता है
- ✗ D. मनुष्य दूसरों की तुलना में अधिक बुद्धिमान होता है

**Q.6** पुष्पी पौधों में लैंगिक जनन की प्रक्रिया में स्त्रीकेसर की प्राथमिक भूमिका क्या है?

**Ans**

- ✗ A. रंगीन दलों से पराग कणों को आकर्षित करता है
- ✓ B. पराग ग्रहण करता है तथा निषेचन के लिए बीजांडों को आश्रय देता है
- ✗ C. पुष्प को पोषक तत्वों से पोषित करता है
- ✗ D. पराग कणों को उत्पन्न करता है

**Q.7** एक बंदूक क्षैतिज दिशा में गोली दागती है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**

- ✓ A. बंदूक पर, गोली पर अग्र दिशा में लगने वाले बल के बराबर पश्च दिशा की ओर बल लगता है।
- ✗ B. प्रतिक्षेप गुरुत्वाकर्षण पर निर्भर करता है।
- ✗ C. बंदूक पर गोली के अग्र दिशा की ओर लगने वाले बल की तुलना में पश्च दिशा की ओर लगने वाला बल कम होता है।
- ✗ D. गोली बंदूक पर कोई बल नहीं लगाती है।

**Q.8** घरेलू विद्युत परिपथ के संबंध में कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**

- ✗ A. सभी उपकरण समांतर क्रम में संयोजित होते हैं।
- ✗ B. एक फ्यूज परिपथ को अति-धारा से बचाता है।
- ✓ C. प्रत्येक उपकरण से प्रवाहित धारा समान होती है।
- ✗ D. विद्युन्मय तार में सदैव एक फ्यूज संयोजित रहता है।

**Q.9** 150 kg द्रव्यमान वाली एक कार 36 km/hr की चाल से चल रही है। इसकी चाल को 72 km/hr तक बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्य की मात्रा कितनी होगी?

**Ans**

- ✗ A. 7500 J
- ✗ B. 30,000 J
- ✗ C. 37,500 J
- ✓ D. 22,500 J

**Q.10** अधिकांश कार्बनिक यौगिकों में किस प्रकार का आबंधन पाया जाता है?

**Ans**

- ✗ A. धात्विक
- ✓ B. सहसंयोजक
- ✗ C. निर्देशांक
- ✗ D. आयनिक

**Q.11** किसी धातु के निष्कर्षण की विधि ____________ पर निर्भर करती है।

**Ans**

- ✗ A. उसके रंग
- ✗ B. उसके परमाणु क्रमांक
- ✓ C. अभिक्रियाशीलता श्रेणी में उसकी स्थिति
- ✗ D. उसके द्रव्यमान संख्या

**Q.12** बोर का मॉडल केवल ________ पर प्रयुक्त होता है।

**Ans**

- ✗ A. हीलियम
- ✗ B. बेरिलियम
- ✗ C. लिथियम
- ✓ D. हाइड्रोजन

**Q.13** निम्नलिखित में से किस विकल्प को, वंशागति के नियमों के निर्माण में मेंडल की सफलता का कारण माना जा सकता है?

**Ans**

- ✓ A. वह एक सुप्रशिक्षित वैज्ञानिक थे।
- ✗ B. उन्हें गणित का ज्ञान था।
- ✗ C. उनके पास अलौकिक शक्तियाँ थीं।
- ✗ D. वह एक भिक्षु थे।

**Q.14** यदि आप किसी गैस पर दाब डालते हैं, तो अंतराआणविक अवकाशों और बलों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**Ans**

✔ A. अंतराआणविक अवकाश घटते हैं, अंतराआणविक बल बढ़ते हैं।

✗ B. अंतराआणविक अवकाश बढ़ते हैं, अंतराआणविक बल घटते हैं।

✗ C. अंतराआणविक अवकाश और बल दोनों अपरिवर्तित रहते हैं।

✗ D. अंतराआणविक अवकाश और बल दोनों बढ़ते हैं।

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**

✗ A. इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर त्रिकोणीय पथों में परिक्रमण करते हैं।

✗ B. इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर वृत्तीय पथों में परिक्रमण नहीं करते हैं।

✗ C. परमाणु के आकार की तुलना में नाभिक का आकार बड़ा होता है।

✔ D. इलेक्ट्रॉनों का द्रव्यमान प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों की तुलना में बहुत कम होता है।

**Q.16** पर्यावरणीय उद्दीपन के प्रति पादपों की अनुक्रिया के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**

✗ A. पादपों में पर्यावरणीय उद्दीपन ग्रहण करने के लिए बहुत ही सूक्ष्म तंत्रिकाएँ होती हैं।

✔ B. कुछ पादप स्पर्श के उद्दीपन के प्रति अनुक्रिया कर सकते हैं।

✗ C. पादपों में पर्यावरणीय उद्दीपन के प्रति अनुक्रिया के लिए अत्यधिक दुर्बल पेशियाँ होती हैं।

✗ D. पादपों में पर्यावरणीय उद्दीपन ग्रहण करने के लिए विशेष संयोजी ऊतक होते हैं।

**Q.17** श्वेत प्रकाश, काँच के एक प्रिज्म पर तिर्यकत: आपतित होता है, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?
(i) लाल रंग का विचलन अधिकतम होता है।
(ii) प्रिज्म से गुजरते समय बैंगनी रंग की चाल सबसे कम होती है।
(iii) बैंगनी रंग का अपवर्तनांक न्यूनतम होता है।
(iv) लाल रंग का अपवर्तनांक न्यूनतम होता है।

**Ans**

✗ A. (i) और (iii) दोनों

✗ B. (ii) और (iii) दोनों

✔ C. (ii) और (iv) दोनों

✗ D. (i) और (iv) दोनों

**Q.18** अनुदैर्ध्य तरंग में क्या होता है?

**Ans**

✗ A. कण अपनी माध्य स्थिति के इधर-उधर ऊपर-नीचे दोलन करते हैं

✗ B. कण अपनी विराम स्थिति के चारों ओर वृत्ताकार गति करते हैं

✗ C. तरंग के गुजरने पर कण पूरी तरह स्थिर रहते हैं

✔ D. कण अपनी विराम स्थिति के इधर-उधर आगे-पीछे दोलन करते हैं

**Q.19** कौन-सी अधातु, धातुओं की तरह द्युतिमय चमक (lustrous shine) प्रदर्शित करती है?

**Ans**

✗ A. क्लोरीन

✔ B. आयोडीन

✗ C. फ्लोरीन

✗ D. सल्फर

**Q.20** मादा जनन तंत्र के किस भाग में अंड, शुक्राणु द्वारा निषेचित होता है?

**Ans**

✗ A. गर्भाशय (Uterus)

✔ B. डिंबवाहिनी नली (Fallopian tube)

✗ C. अंडाशय (Ovary)

✗ D. योनि (Vagina)

Q.21 एक ब्लॉक 0.25 $m^2$ क्षेत्रफल वाले पृष्ठ पर 500 N का प्रणोद (thrust) लगाता है। ब्लॉक द्वारा लगाया गया दाब _______ है।

Ans
- ✔ A. 2000 N/m2
- ✗ B. 250 N/m2
- ✗ C. 500 N/m2
- ✗ D. 125 N/m2

Q.22 पादपों में वृद्धि केवल विशिष्ट क्षेत्रों में ही क्यों होती है?

Ans
- ✗ A. क्योंकि स्थायी ऊतक पूरे पौधे में विभाजित होते रहते हैं
- ✗ B. क्योंकि सभी पादप कोशिकाएं परिपक्वता के बाद बढ़ना बंद कर देती हैं
- ✔ C. क्योंकि विभज्योतक केवल विशिष्ट क्षेत्रों में ही स्थित होते हैं
- ✗ D. क्योंकि सभी पादप ऊतक केवल एक बार विभाजित हो सकते हैं

Q.23 दो वस्तुएँ त्वरित हो रही हैं - एक का द्रव्यमान 3 kg है और वह $m/s^2$ की गति से त्वरित होती है, और दूसरी का द्रव्यमान 5 kg है और वह 2 $m/s^2$ की गति से त्वरित होती है। इनमें से किसको गति करने के लिए अधिक बल की आवश्यकता है?

Ans
- ✗ A. 5 kg की वस्तु
- ✗ B. दोनों को समान बल की आवश्यकता होती है
- ✔ C. 3 kg की वस्तु
- ✗ D. दूरी जाने बिना इसका निर्धारण नहीं किया जा सकता

Q.24 क्लोर-क्षारीय प्रक्रिया के दौरान, निम्नलिखित में से कौन सा उत्पाद सीधे लवण के विद्युत अपघटन से प्राप्त नहीं होता है?

Ans
- ✗ A. कैथोड पर हाइड्रोजन गैस (Hydrogen gas at the cathode)
- ✗ B. एनोड पर क्लोरीन गैस (Chlorine gas at the anode)
- ✗ C. सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन (Sodium hydroxide solution)
- ✔ D. कैथोड पर निक्षेपित सोडियम धातु (Sodium metal deposited at the cathode)

Q.25 कौन-सा नियम धारावाही लूप के अंदर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा निर्धारित करने में मदद करता है?

Ans
- ✗ A. बाएं हाथ के अंगूठे का नियम
- ✗ B. फ्लेमिंग का दाएं हाथ का नियम
- ✔ C. दाहिने हाथ के अंगूठे का नियम
- ✗ D. फ्लेमिंग का बाएं हाथ का नियम

Section : **Mathematics**

Q.26 अम्ल और पानी के 330 लीटर विलयन में, अम्ल और पानी का अनुपात 1 : 2 है। 8 : 5 का अनुपात प्राप्त करने के लिए इसमें कितने लीटर अम्ल मिलाना होगा?

Ans
- ✗ A. 240
- ✗ B. 243
- ✗ C. 241
- ✔ D. 242

Q.27 दो रेलगाड़ियाँ 50 km/hr और 90 km/hr की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। एक रेलगाड़ी की लंबाई 430 m है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में 31 सेकंड का समय लगता है। दूसरी रेलगाड़ी की लंबाई (m में, दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 765.66
- ✔ B. 775.56
- ✗ C. 781.49
- ✗ D. 786.76

Q.28 $\left(\frac{4}{7}\right)^2 - \frac{1}{7} + \frac{1}{3.5} + 5\frac{2}{7}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $4\frac{1}{7}$

✓ B. $5\frac{37}{49}$

✗ C. $5\frac{2}{49}$

✗ D. $4\frac{37}{49}$

Q.29 P के अंक, Q के अंकों से 10 अधिक हैं। Q के अंक, P के अंकों के आधे से 10 अधिक हैं। Q के अंक कितने हैं?

Ans

✗ A. 40

✗ B. 36

✓ C. 30

✗ D. 20

Q.30 प्रथम 7 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत कितना है?

Ans

✗ A. 6

✗ B. 8

✗ C. 3.5

✓ D. 7

Q.31 एक अर्धगोलाकार कटोरे का व्यास 11.2 cm है। इसमें कितने लीटर तरल आ सकता है?

( $\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें और अपने उत्तर को तीन दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें)

Ans

✗ A. 2.380 लीटर

✗ B. 0.525 लीटर

✓ C. 0.368 लीटर

✗ D. 3.168 लीटर

Q.32 श्रेया और उसकी माता की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 5 है तथा उसकी माता और उसकी दादी की वर्तमान आयु का अनुपात 10 : 13 है। यदि श्रेया, उसकी माता और उसकी दादी की औसत आयु 58 वर्ष है, तो उसकी माता की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 78 वर्ष

✓ B. 60 वर्ष

✗ C. 36 वर्ष

✗ D. 84 वर्ष

Q.33 दो संख्याएँ 5 : 7 के अनुपात में हैं। यदि उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 23 है, तो संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 258

✗ B. 284

✓ C. 276

✗ D. 236

**Q.34** एक बच्चा एक गुब्बारे को फुलाता है, जिससे उसका आकार 50% बढ़ जाता है। बाद में, उसे बाँधते समय, गुब्बारे का आकार 20% कम हो जाता है। गुब्बारे के आकार में कुल कितना प्रतिशत परिवर्तन हुआ?

**Ans**
- ✗ A. 10% (कमी)
- ✗ B. 10% (वृद्धि)
- ✓ C. 20% (वृद्धि)
- ✗ D. 20% (कमी)

**Q.35** एक व्यक्ति अपनी आय का 60% बचत करता है। यदि उसका व्यय ₹520 है, तो उसकी आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 1300
- ✗ B. 1340
- ✗ C. 1208
- ✗ D. 1312

**Q.36** एक चुनाव में, चार उम्मीदवारों को क्रमशः 1242, 832, 1426 और 1100 वोट मिले। विजेता उम्मीदवार के वोट प्रतिशत और दूसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवार के वोट प्रतिशत के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 5%
- ✗ B. 3%
- ✓ C. 4%
- ✗ D. 6%

**Q.37** एक वस्तु को 37% की छूट पर बेचने के बाद प्राप्त लाभ प्रतिशत 50% है। वस्तु का मूल्य कितने प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) बढ़ाकर अंकित किया गया?

**Ans**
- ✗ A. 140.46%
- ✗ B. 140.41%
- ✓ C. 138.10%
- ✗ D. 136.35%

**Q.38** यदि $\frac{4x}{0.75^2 - 0.25^2} = 0.5$ है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 0.125
- ✗ B. 0.03125
- ✓ C. 0.0625
- ✗ D. 0.0975

**Q.39** यदि 9 और 60 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 398
- ✗ B. 402
- ✗ C. 401
- ✓ D. 400

**Q.40** एक व्यापारी एक घड़ी 28% की हानि पर बेचता है। यदि उसने इसे ₹280 अधिक में बेचा होता, तो उसे न तो लाभ होता और न ही हानि। घड़ी का क्रय मूल्य कितना है?

**Ans**
- ✗ A. ₹1,200
- ✗ B. ₹1,400
- ✗ C. ₹800
- ✓ D. ₹1,000

Q.41 तौलिए बेचने वाली एक दुकान पर एक ऑफर चल रहा है, जिसमें ग्राहक 2 तौलिए की खरीद पर 3 मुफ्त पा सकते हैं। ग्राहक को कितने प्रतिशत छूट मिलेगी?

Ans
- ✗ A. 55%
- ✗ B. 70%
- ✗ C. 65%
- ✓ D. 60%

Q.42 एक कक्षा के 44 विद्यार्थियों की औसत आयु 34 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 35 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 76
- ✓ B. 79
- ✗ C. 78
- ✗ D. 77

Q.43 यदि एक गोले की त्रिज्या में 25% की कमी कर दी जाए और यह 6 cm हो जाए, तो इसके आयतन में हुई कमी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $574\frac{3}{4}\pi\ cm^3$
- ✓ B. $394\frac{2}{3}\pi\ cm^3$
- ✗ C. $662\frac{1}{3}\pi\ cm^3$
- ✗ D. $450\frac{1}{4}\pi\ cm^3$

Q.44 पाइप P एक टैंक के $\frac{4}{5}$ भाग को 28 घंटे में भर सकता है और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{2}{3}$ भाग को 42 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों पाइपों को 7 घंटे तक खुला रखने के बाद दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर केवल पाइप R को खोला जाता है जो टैंक के पानी को 14 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
- ✓ A. 45 घंटे
- ✗ B. 26 घंटे
- ✗ C. 53 घंटे
- ✗ D. 64 घंटे

Q.45 एक पाइप एक टैंक को 10 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 20 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक का आधा हिस्सा भरने में कितने मिनट लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 20
- ✓ C. 10
- ✗ D. 11

Q.46 10 m और 15 m ऊँची दो मीनारों के पादों को मिलाने वाली रेखा पर खड़ा एक व्यक्ति मीनारों के शीर्षों को देखता है जिनके उन्नयन कोण क्रमशः 45° और 60° हैं। दोनों मीनारों के पादों के बीच की दूरी (m में) कितनी है ($\sqrt{3}$ = 1.73 मान लीजिए)?

Ans
- ✓ A. 18.65
- ✗ B. 20.25
- ✗ C. 15.75
- ✗ D. 16.54

Q.47 यदि $x^{2m} \times y^5 \times \frac{x^2}{y^{m-1}} = (y^2x^3)^2$ है, तो m का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 3
- ✗ C. 4
- ✓ D. 2

Q.48 133 m और 227 m लंबी दो ट्रेनें क्रमशः 93 km/hr और 51 km/hr की चाल से एक ही दिशा में चल रही हैं। तेज चलने वाली ट्रेन, धीमी चलने वाली ट्रेन को पूरी तरह पार करने में कितना समय लेगी?

Ans
- ✗ A. $25\frac{5}{7}$ सेकंड
- ✗ B. 18 सेकंड
- ✓ C. $30\frac{6}{7}$ सेकंड
- ✗ D. 9 सेकंड

Q.49 ₹2,500 की राशि पर 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans
- ✗ A. ₹3,623
- ✗ B. ₹2,895
- ✗ C. ₹3,714
- ✓ D. ₹3,025

Q.50 12 इकाई, 5 इकाई और 13 इकाई भुजाओं वाले एक त्रिभुज में, सभी शीर्षों से लंब खींचे गए हैं। सबसे छोटे लंब की लंबाई (इकाइयों में) है।

Ans
- ✗ A. $\frac{50}{13}$
- ✓ B. $\frac{60}{13}$
- ✗ C. $\frac{40}{13}$
- ✗ D. $\frac{73}{13}$

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 संख्या 7123458 में प्रत्येक अंक बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित करने पर बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 11
- ✓ C. 9
- ✗ D. 8

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. OT-QM
- ✗ B. QV-SO
- ✓ C. SX-UR
- ✗ D. MR-OK

**Q.53** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 3 @ 2 ^ @ % \ 8 9 \ / ? 8 7 6 # & # + 7 \ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है तथा ठीक बाद में भी एक संख्या है?

**Ans**
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. एक
- ✗ C. दो
- ✗ D. तीन

**Q.54** उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

NH-PJ-RT
LF-NH-PR

**Ans**
- ✓ A. JD-LF-NP
- ✗ B. JD-LF-NO
- ✗ C. ID-LF-NO
- ✗ D. ID-LE-NO

**Q.55** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

EWR ASN WOJ SKF ?

**Ans**
- ✗ A. OGY
- ✗ B. OVB
- ✗ C. OBC
- ✓ D. OGB

**Q.56** निम्नलिखित श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 8 5 9 6 5 4 1 7 1 6 7 8 6 6 3 5 3 6 9 4 4 9 2 7 2 7 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

**Ans**
- ✗ A. 6
- ✓ B. 7
- ✗ C. 8
- ✗ D. 9

**Q.57** एक निश्चित कूट भाषा में, 'speak the truth' को 'pc rd st' के रूप में और 'truth always wins' को 'mo st kl' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'truth' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans**
- ✗ A. mo
- ✗ B. pc
- ✓ C. st
- ✗ D. kl

**Q.58** O, P, Q, R, W, X और Y एक सीधी पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P के बाएं कोई नहीं बैठा है। P और Q के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। Y के दाएं केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, R के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। W, Y का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
W के बाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✗ A. O
- ✓ B. Y
- ✗ C. R
- ✗ D. Q

Q.59 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A और B के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं, जिनमें से कोई भी बाएं छोर पर नहीं बैठा है। F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। G और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 4
- ✗ C. 3
- ✓ D. 2

Q.60 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

64 A 8 C 4 B 11 D 3 = ?

Ans
- ✓ A. 49
- ✗ B. 50
- ✗ C. 47
- ✗ D. 48

Q.61 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी सेब, फल हैं।
कुछ फल, मीठे हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ सेब, मीठे हैं।
(II) सभी मीठे, सेब हैं।

Ans
- ✓ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.62 एक निश्चित कूट भाषा में, 'some good questions' को 'jm ik cd' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'many good problems' को 'cd rc gh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'good' को कैसे कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
- ✓ A. cd
- ✗ B. rc
- ✗ C. jm
- ✗ D. ik

Q.63 हिमांगी बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करती है और पूर्व की ओर 2 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 7 km ड्राइव करती है, बाएं मुड़ती है और 9 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 3 km ड्राइव करती है। वह अंत में बाएं मुड़ती है, 11 km ड्राइव करती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
- ✓ A. उत्तर की ओर 4 km
- ✗ B. दक्षिण की ओर 4 km
- ✗ C. पूर्व की ओर 3 km
- ✗ D. पश्चिम की ओर 3 km

Q.64 MU 4 एक निश्चित तरीके से PO −10 से संबंधित है। इसी प्रकार DL 8, GF −6 से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, HP 12 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. UH −4
- ✗ B. NJ 5
- ✗ C. RT −1
- ✓ D. KJ −2

Q.65 नीचे दी गई संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 2 1 6 9 1 9 6 4 2 4 4 6 7 6 4 1 8 7 9 2 4 4 7 6 8 7 2 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 2
- ✗ C. 3
- ✗ D. 5

Q.66 A, B, C, R, S, T और U एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R, C और T दोनों का निकटतम पड़ोसी है। T, U के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। B, U के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। S, T का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A के दाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. S
- ✗ B. B
- ✗ C. C
- ✓ D. U

Q.67 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी सड़क, ट्रक हैं।
कोई ट्रक, भेड़ नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ सड़क, भेड़ हैं।
(II) सभी ट्रक, भेड़ हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.68 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A * B का अर्थ है कि 'A, B का पति है', और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P – Q ÷ R * S + T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता के पिता
- ✓ B. पिता के पिता
- ✗ C. पिता के भाई
- ✗ D. पिता

Q.69 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**IC-LF-NP**
**KE-NH-PR**

Ans
- ✔ A. MG-PJ-RT
- ✘ B. NG-PJ-RU
- ✘ C. NG-PI-RU
- ✘ D. MG-PJ-RU

Q.70 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**3 13 24 36 49 ?**

Ans
- ✔ A. 63
- ✘ B. 53
- ✘ C. 56
- ✘ D. 60

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. PL-IM
- ✘ B. MI-FK
- ✘ C. JF-CH
- ✘ D. HD-AF

Q.72 निम्नलिखित श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

**(बाएं) 1 8 4 2 8 3 5 1 4 1 5 1 1 9 8 3 5 5 9 4 6 9 6 1 1 9 5 (दाएं)**

ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद भी एक सम संख्या है?

Ans
- ✘ A. 0
- ✘ B. 2
- ✘ C. 3
- ✔ D. 1

Q.73 संख्या 8312467 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✘ A. 8
- ✘ B. 7
- ✔ C. 9
- ✘ D. 6

Q.74 उस सेट का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**(15, 28, 64)**
**(63, 76, 112)**

Ans
- ✘ A. (159, 172, 207)
- ✘ B. (44, 57, 83)
- ✘ C. (82, 95, 132)
- ✔ D. (74, 87, 123)

Q.75 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

LNT 81, PKP 75, THL 69, XEH 63, ?

Ans
- ✗ A. ACD 55
- ✗ B. CAE 57
- ✗ C. BAC 55
- ✓ D. BBD 57

Q.76 सात डिब्बे A, B, C, D, I, J और K एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। केवल B को I के ऊपर रखा गया है। केवल C को I और J के बीच रखा गया है। केवल A को K के नीचे रखा गया है। D और A के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✗ C. दो
- ✓ D. एक

Q.77 राजेश अपनी कक्षा में ऊपर से 38वें स्थान पर और नीचे से 27वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 65
- ✗ B. 63
- ✗ C. 62
- ✓ D. 64

Q.78 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8, 64, 9, 81, 10, 100, 11, 121, ? , 144

Ans
- ✗ A. 9
- ✓ B. 12
- ✗ C. 11
- ✗ D. 8

Q.79 टाउन U, टाउन V के उत्तर में है। टाउन W, टाउन U के पूर्व में है। टाउन X, टाउन W के दक्षिण में है। टाउन Y, टाउन X के पश्चिम में है। टाउन V, टाउन Y के दक्षिण-पश्चिम में है। टाउन Y के संदर्भ में टाउन U की स्थिति क्या है?

Ans
- ✗ A. दक्षिण-पूर्व
- ✗ B. उत्तर-पूर्व
- ✓ C. उत्तर-पश्चिम
- ✗ D. दक्षिण-पश्चिम

Q.80 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

191 177 163 149 135 ?

Ans
- ✗ A. 130
- ✓ B. 121
- ✗ C. 133
- ✗ D. 117

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 जून 2025 में, कनाडा ने किसके साथ एक ऐतिहासिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, ताकि वैश्विक तनाव के बीच सहयोग को मजबूत किया जा सके?

Ans

- ✗ A. BRICS
- ✗ B. ASEAN
- ✓ C. यूरोपीय संघ
- ✗ D. अफ्रीकी संघ

Q.82 आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, MSME के लिए कितनी राशि के साथ आत्मनिर्भर भारत (SRI) कोष आरंभ किया है?

Ans

- ✗ A. ₹25,000 करोड़
- ✓ B. ₹50,000 करोड़
- ✗ C. ₹1 लाख करोड़
- ✗ D. ₹75,000 करोड़

Q.83 नीरज चोपड़ा ने 2025 में 90.23 m थ्रो का अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड कहां बनाया था?

Ans

- ✗ A. विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप
- ✗ B. टोक्यो ओलंपिक्स
- ✓ C. दोहा डायमंड लीग
- ✗ D. कॉमनवेल्थ गेम्स

Q.84 2025 में, निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य 2023 में शुरू की गई केंद्र की 'मिष्टी (MISHTI)' योजना के तहत केवल दो वर्षों में 19020 हेक्टेयर को कवर करते हुए मैंग्रोव वनीकरण में राष्ट्रीय लीडर के रूप में उभरा?

Ans

- ✗ A. महाराष्ट्र
- ✓ B. गुजरात
- ✗ C. उत्तर-प्रदेश
- ✗ D. केरल

Q.85 भारतीय नौसेना ने 14 से 17 अक्टूबर 2025 के बीच ______ में भारत-इंडोनेशियाई संयुक्त समुद्री अभ्यास 'समुद्र शक्ति - 2025' के पांचवें संस्करण का आयोजन किया।

Ans

- ✗ A. चेन्नई
- ✗ B. मुंबई
- ✗ C. कोच्चि
- ✓ D. विशाखापत्तनम

Q.86 गृह मंत्रालय के किस अंग ने साइबर-धोखाधड़ी (cyber-fraud) के मामलों के लिए e-Zero FIR सिस्टम शुरू किया?

Ans

- ✗ A. भारत की राज्य पुलिस
- ✗ B. केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो
- ✗ C. साइबर अपीलीय अधिकरण
- ✓ D. भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C)

Q.87 2025-26 राजकोषीय वर्ष के लिए भारत का खेल बजट आवंटन कितना है?

Ans

- ✗ A. ₹1,794.30 करोड़
- ✗ B. ₹2,594.30 करोड़
- ✓ C. ₹3,794.30 करोड़
- ✗ D. ₹4,394.20 करोड़

**Q.88** निम्नलिखित में से किसे, जून 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 80वें अध्यक्ष के रूप में चुना गया?

Ans
- ✔ A. एनालेना बैरबॉक (Annalena Baerbock)
- ✗ B. वोल्कन बोज़किर (Volkan Bozkır)
- ✗ C. डेनिस फ्रांसिस (Dennis Francis)
- ✗ D. फिलेमोन यांग (Phielemon Yang)

**Q.89** जून 2025 में भारत के किस कैबिनेट मंत्री ने चीनी बंदरगाह शहर क्रिंगदाओ (Qingdao) में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सम्मेलन में चीन के डोंग जून (Dong Jun) के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर शांति और सौहार्द बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया?

Ans
- ✗ A. अमित शाह
- ✗ B. मनोहर लाल
- ✗ C. गजेंद्र सिंह शेखावत
- ✔ D. राजनाथ सिंह

**Q.90** केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, 2047 तक भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य क्या है?

Ans
- ✗ A. 80GW
- ✗ B. 150GW
- ✔ C. 100GW
- ✗ D. 50GW

**Q.91** निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने अगस्त 2025 में राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक (SHRESTH) का शुभारंभ किया, जो पारदर्शी, डेटा-आधारित ढांचे के माध्यम से राज्य औषधि नियामक प्रणालियों को मानकीकृत और सुदृढ़ करने के लिए अपनी तरह की पहली राष्ट्रीय पहल है?

Ans
- ✗ A. आयुष मंत्रालय
- ✔ B. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
- ✗ C. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
- ✗ D. रसायन और उर्वरक मंत्रालय

**Q.92** निम्नलिखित में से किस राज्य की सरकार ने सितंबर 2025 में सभी आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों में बाल संरक्षण नीति अनिवार्य कर दी है?

Ans
- ✗ A. केरल
- ✗ B. आंध्र प्रदेश
- ✗ C. तमिलनाडु
- ✔ D. कर्नाटक

**Q.93** ओला के कृत्रिम (Krutrim) द्वारा 2025 में लॉन्च की जाने वाली “कृति (Kruti)” की विशिष्ट विशेषता क्या है?

Ans
- ✗ A. यह सिर्फ़ ओला के दिए गए प्रोप्राइटरी हार्डवेयर के साथ काम करता है।
- ✔ B. यह आवाज और टेक्स्ट को अनेक भारतीय भाषाओं में सपोर्ट करता है।
- ✗ C. इसे केवल ग्रामीण क्षेत्रों में नेविगेशन सेवाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- ✗ D. यह केवल अंग्रेजी भाषा इंटरफेस के लिए अनुकूलित है।

**Q.94** 22 मार्च 2025 बिहार में किस महत्वपूर्ण क्षेत्रीय दिवस को चिह्नित करता है?

Ans
- ✗ A. बिहार पुनर्गठन दिवस
- ✗ B. बिहार भाईचारा दिवस
- ✗ C. बिहार मुक्ति दिवस
- ✔ D. बिहार राज्य स्थापना दिवस

Q.95 गुजरात के निम्नलिखित में से किस शहर में वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित है, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सितंबर 2025 में किया?

Ans
✔ A. अहमदाबाद
✘ B. सूरत
✘ C. वडोदरा
✘ D. राजकोट

Q.96 2025 एशियन इंडोर गेम्स में भारतीय एथलीटों ने किस खेल में मिक्स्ड रिले मेडल प्राप्त किया?

Ans
✘ A. निशानेबाजी (Shooting)
✘ B. कुश्ती (Wrestling)
✘ C. तैराकी (Swimming)
✔ D. मिक्स्ड रिले (Mixed relay)

Q.97 मई 2025 में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित नया ₹20 का नोट _____ का हिस्सा है।

Ans
✔ A. महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला (Mahatma Gandhi (New) Series)
✘ B. महात्मा गांधी (पुरानी) श्रृंखला (Mahatma Gandhi (Old) Series)
✘ C. आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला (Azadi Ka Amrit Mahotsav Series)
✘ D. गांधी विरासत श्रृंखला (Gandhi Heritage Series)

Q.98 ICC अंडर-19 महिला T20 विश्व कप 2025 जोकि जनवरी 2025 में मलेशिया में खेला गया था। यह टूर्नामेंट किस टीम ने जीता?

Ans
✘ A. इंग्लैंड
✘ B. दक्षिण अफ्रीका
✘ C. ऑस्ट्रेलिया
✔ D. भारत

Q.99 भारत की सबसे लंबी और केरल में रामसर साइट के रूप में जानी जाने वाली कौन-सी झील वर्तमान में गंभीर पारिस्थितिक अवनमन (Ecological degradation) का सामना कर रही है?

Ans
✘ A. पुलिकट झील
✘ B. चिल्का झील
✘ C. लोकटक झील
✔ D. वेम्बनाड झील

Q.100 मई 2025 में भारत की पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप लॉन्च करने की घोषणा किसने की?

Ans
✔ A. अश्विनी वैष्णव
✘ B. राजीव चंद्रशेखर
✘ C. पीयूष गोयल
✘ D. निर्मला सीतारमण

"